भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143

नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो जिले से बाहर भूसा परिवहन पर प्रतिबंध

बहादुर सिंह जिला ब्यूरो चीफ भोपाल हैडलाइंस 24 न्यूज़ राजगढ़

ब्यावरा । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में खेतों में नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ऐसे किसानों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए जाएं। साथ ही जुर्माना, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जैसे कदम उठाए जाएं। बुधवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले से बाहर अन्य स्थानों भूसा परिवहन के लिए रोक लगाई गई है। अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों सुनिश्चित करें कि भूसे का नियम विरूद्ध परिवहन न हों। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण ढंग से त्वरित निराकरण किया जाए। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि समग्र लिंकिंग और ई-केवायसी कार्य में अपेक्षित गति लाई जाए।

एसडीएम पेयजल समस्याओं पर ध्यान दें

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में पेयजल समस्या न आए इस बात के लिए सजग रहें। सभी जगह पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता रहे। पेयजल संबंधित शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जाए।

आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन 17 अप्रैल को

भोपाल संतोष योगी की ख़बर 9993268143

आम नागरिकों से अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने और अफवाहों से सावधान रहने की अपील

भोपाल हेडलाइन भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के संयुक्त तत्वाधान में, 17 अप्रैल 2025 को प्रातः 09¬30 से दोपहर 01¬30 बजे तक सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सामने ,रासायनिक औद्योगिक आपदा पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया है। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है.। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री लाखन सिंह चौधरी ने बताया कि 17 अप्रैल 2025 को भोपाल सहित प्रदेश के 10 जिलों में रासायनिक औद्योगिक आपदा पर आधारित मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा, इस संदर्भ में आम जनता में जागरूकता फैलाने एवं किसी भी प्रकार की घबराहट से बचाव के लिये पूर्व सूचना देना अत्यंत आवश्यक है. यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिले के आम नागरिकों से अपील है कि अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखें, किसी भी प्रकार की घबराहट से बचें, मॉक अभ्यास क्षेत्र में प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, अफवाहों से बचें और दूसरों को सही जानकारी प्रदान करें. यदि किसी भी असुविधा का अनुभव हो, तो तुरंत निकटतम प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें।

बाबा भीमराव अंबेडकर के नाटक का मंचन किया डॉ. अंबेडकर जनकल्याण समिति लाम्बाखेड़ा भोपाल

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल हेडलाइन बाबा भीमराव अंबेडकर के नाटक का मंचन किया डॉ. अंबेडकर जनकल्याण समिति लाम्बाखेड़ा भोपाल के तत्वाधान में डॉ. अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेक डांस ग्रुप की भव्य प्रस्तुति भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसादी वितरण हुआ अध्यक्ष सुनील अहिरवार एवं संरक्षक दिनेश अहिरवार ने बताया कि मुख्य अतिथि मा. प्रिंयक कानूनगो सदस्य राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग विशेष अतिथि बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ,धार्मिक धर्म गुरु भन्ते शाक्यपुत्र सागर थेरो ,विशेष अतिथि नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी डॉ. जगदीश सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष अहिरवार समाज संघअजाक्स विशेष अथिति बब्लेश राजपूत मंडल अध्यक्ष नीरज पचौरी जी अनिल सिरवैया मेजर डॉ. मनोज राजे मुख्य कार्यक्रम आयोजिक समिति अध्यक्ष इंजी. सुनील अहिरवार संरक्षक इंजीनियर दिनेश अहिरवार संरक्षक बाबूलाल भारती जी गायिका सुषमा सूर्यवंशी राष्ट्रीय बहुजन गायक राजू भारती उपाध्यक्ष राजेश अहिरवार नीलेश अहिरवार मदन अहिरवार विक्रम अहिरवार विनीत परिहार संयोजक जफ़र अंसारी कार्यक्रम संयोजक¬ दिनेश अहिरवार, दयाराम अहिरवार, संतोष बौद्ध, रवींद्र कुमार, परसराम राजपूत जोदा राम अहिरवार, प्रभुराम अहिरवार, गणेश अहिरवार, एडवोकेट जगदीश भारती, राम सिंह रसोनिया बंदी अहिरवार, मनोज कुमार, विवेक अहिरवार, संजय सिंह, रघुवर सिंह, प्रकाश अहिरवार वीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, अनिल अहिरवार, रघुवीर सिंह, अरुण अहिरवार, धीरज सिंह दिलीप अहिरवार, वनवारी मीना, सोनू मीना, अनिल सिंह, संजू सिंह, मुकेश अहिरवार, संतोष कुमार पर्वत सिंह, किशन सिंह, आनंद सिंह, राकेश अहिरवार, अजय गौतम,डॉ. राज सूर्यवंशी, सचिन सिंह, एड नोवतसिंह गौतम, राहुल सूर्यवंशी, महेश कुमार, संदीप परिहार राजू अहिरवार, प्रमोक्या आदि

विधायक अभिजीत शाह ने ग्राम खुदिया में 5.5 लाख की लागत से बनने वाले 200 मीटर सड़क का किया भूमि पूज

भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी

खुदिया/खुदिया,क्षेत्रीय विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्रीय विधायक अभिजीत शाह द्वारा ग्राम खुदिया में 5,50,000 रुपये की लागत से निर्मित 200 मीटर लंबी सड़क का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक अभिजीत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लंबे समय से वे इस सड़क की आवश्यकता महसूस कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक अभिजीत शाह ने कहा,÷हमारी प्राथमिकता है । कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी मजबूत आधारभूत संरचनाएं विकसित हों। सड़क निर्माण कार्य को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और निर्माण एजेंसी ने भी जानकारी दी कि कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाएगा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा है,ग्रामवासियों में इस विकास कार्य को लेकर काफी उत्साह देखा गया। आमजन को रोजमर्रा के कार्यों में सुविधा मिलेगी कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,पंचायत सदस्य, ग्रामीण नागरिक,और युवा भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भोपाल में चल रही विभागीय क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंची 8 टीमे

भोपाल हेडलाइन

भोपाल में चल रही विभागीय क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंची 8 टीमे पीएचई रतलाम ने बनाई जगह मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खेल एवं सांस्कृतिक समिति भोपाल द्वारा आयोजित विभागीय खेल प्रतियोगिता के क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची आठ टीमों का होगा मुकाबला आयोजन समिति के श्री शोएब सिद्दीकी ने बताया कि कुल 32 टीमों में से 8 टीम जीत कर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है इन टीमों का होगा मुकाबला पहला मैच मैकेनिकल जबलपुर एवं मैकेनिकल ग्वालियर दूसरा मैच भोपाल सर्किल एवं सी जबलपुर के बीच खेला जाएगा तीसरा मैच विदिशा डिविजन एवं रतलाम वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा चौथा मैच बैतूल डिविजन एवं सी भोपाल के बीच खेला जाएगा जिला जल सलाहकार श्री आनंद व्यास ने बताया कि पिछले दोनों मैचों में पीएचई रतलाम की टीम ने बालाघाट एवं परासिया को बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की रतलाम से खेल रहे हैं ये खिलाडी कप्तान श्री श्रेय शुक्ला, उप कप्तान रोहित वर्मा, श्री प्रितपाल सिंह चौहान, श्री जिग्नेश बामनिया श्री आनंद शंकर ,श्री बबन बेनल, श्री सागर सक्सैना श्री मयूर सोनगरा श्री जितेंद्र पांचाल श्री भूपेंद्र सिंह ,श्री डीसी कथिरिया, श्री अभिषेक देवड़ा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री श्री नरेश कुवाल, श्री संजय शिवसागर श्री हेमंत परमार श्री जितेंद्र सोलंकी श्री अरविंद सोमानी आदि उपस्थित रहेंगे

बस स्टैंड स्थित सुलभ कम्पलेक्स में कब्जा महिलाओं को प्रसाधन में होती है परेशानी

नगरपरिषद का ध्यान जनहितकारी योजनाओं को सुचारू करने में नहीं

भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी

केवलारी - दशकों पूर्व केवलारी बस स्टैंड में बना हुआ सुलभकम्प्लेक्स यात्रियों के लिए शोभा की सुपारी बना हुआ है जिसका उपयोग आमजन और बस में सफर करने वाले यात्री कर नही पाते। सबसे ज्यादा परेशानी बस में सफर करने वाली उन महिलाओं को होती है जो कि लघुशंका के लिए सुलभकम्प्लेक्स को ढूंढने के विफल प्रयास कर जल्दबाजी में खुले में शौच करने को मजबूर हो जाती हैं क्योंकि उन्हें आगे सफर करने के लिए फिर से बस में यात्रा करना होता है। यूं तो नगरपरिषद का गठन हुए लगभग तीन साल का समय बीत चुका है परंतु बार बार ध्यान आकर्षित कराने के वावजूद भी नगरपरिषद ने सुलभकम्प्लेक्स की दिशा दशा बदलने हेतु कोई प्रयास नही किया जबकि यह आमजन के उपयोग के लिए बहुत जरूरी सुविधाओं में से एक है,वावजूद इसके नगरपरिषद सुलभकम्प्लेक्स ढूंढ़ने वाले यात्रियों के लिए एक बोर्ड तक बनवाकर नही लगा पाई जिससे जाहिर हो सके कि सुलभकम्प्लेक्स की सुविधा बसस्टैंड में स्थित है।

सुलभकम्प्लेक्स में एक परिवार ने वर्षों से किया है कब्जा

वर्षो पूर्व सुलभकम्प्लेक्स की साफसफाई और मेंटेनेंस के लिए एक परिवार को वहां इस शर्त पर बसाया गया था कि वह सुलभकम्प्लेक्स की साफसफाई और लोगों की सुविधा के लिए निर्धारित शुक्ल लेकर व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाएंगे लेकिन उक्त परिवार ने वहां अवैधानिक रूप से वहां कब्जा कर वहां की व्यवस्थाओं को ही नेस्तनाबूद कर दिया जिससे अब वहां कोई जा नही पाता,अगर कोई महिला या पुरुष यात्री पूछकर वहां चला भी जाये तो वहां कब्जा जमाए परिवार के लोग उन्हें वहां से भगा देते हैं।रही सही कसर बसस्टैंड में लीज पर जमीन लिए हुए दुकानदारों ने पूरी कर दी है

जिन्होंने ने अतिक्रमण कर दुकानें बढ़ा कर आने जाने के रास्ते को ही लगभग बंद करने की कगार पर पहुंचा दिया।नगरपरिषद के जिम्मेदार भी अब तक उस परिवार को वहां से अवैध कब्जे को नही हटा सकी और ना ही व्यवस्थाओं को सुचारू कर पाई है। नगर के प्रबुद्धजनों ने लघुशंका के लिए महिला यात्रियों को हो रही परेशानी को नगर के लिए अत्यंत शर्मनाक निरूपित करते हुए नगरपरिषद के जिम्मेदारों से मांग की है कि वहां वर्षो से जमे परिवार से कब्जा खाली करा दुकानों के अतिक्रमण को हटाया जाकर सुलभकम्प्लेक्स अनजाने का रास्ता बनाया जाए और सुलभकम्प्लेक्स को फिर से व्यवस्थित कर आम नागरिकों और यात्रियों के लिए उपयोग हेतु सुरु किया जाए।

इनका है कहना

मैं पहले वहां की वस्तुस्थिति देखता हूँ फिर वहां कब्जा जमाए परिवार को हटाने की कार्यवाही करूँगा और सुलभकम्प्लेक्स कि व्यवस्था जल्द सुचारू हो कोसिस करूँगा।

प्रभारी सीएमओ वेदप्रकाश गिरी गोस्वामी

अरुण वर्मा न्यायिक मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय महासचिव बने

भोपाल हेडलाइन राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ सामाजिक एवं राजनितिक एवं कर्मचारी नेता अरुण वर्मा को राष्ट्रीय महासचिव पद पर नियुक्त किया है श्री अरुण वर्मा के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर बधाई देने वालों मे सुभाष शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल रावत उत्तर प्रदेश देविकी नंदन खंडूजा हरियाणा ताराचंद्र राणा हिमांचल प्रदेश संभर लाल राजस्थान जगदीश राउत बिहार आलोक रंजन झारखंड राहुल रावत दिल्ली विजय वर्मा छत्तीसगढ़ कमांडर अंजनी कुमार महाराष्ट्र धीरू सिंह उत्तराखण्डअनिल बाजपेई मध्य प्रदेश आर के वर्मा व्ही के धुक्ला ए के ब्योहार डाक्टर कलिका प्रसाद यादव पी सी जैन हतिम अली अंसारी ओ पी सोनी आदि शामिल हैं

मिलेनियम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, भोपाल में पांच दिवसीय 'मैट्रीम टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का भव्य आयोजन

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल हेडलाइन मिलेनियम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, भोपाल में पाँच दिवसीय 'मैत्रिम 2025 टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का भव्य शुभारंभ हुआ । यह आयोजन तकनीकी, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतिभाओं के शानदार संगम का प्रतीक है , जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मिलेनियम ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी और कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेना ही जीतने के बराबर होता है इसलिए हमें सजगता से अपनी हिस्सेदारी जरूर दर्ज करानी चाहिए।

पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमे सिंगिंग कम्पटीशन, रोबो रेस, वाल पेंटिंग, हैकथॉन शामिल थे। प्रतियोगिताएं में विनर्स को पांच हज़ार कॅश प्राइज दिए गए और साथ में ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य यादव ने बताया कि किसी भी ग्रुप के स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास होता है टेक फेस्ट और सभी स्टूडेंट्स इस तरह के इवेंट्स के लिए ने केवल वर्ष भर तैयारी करते हैं बल्कि उसके लिए जबरदस्त उत्साहित भी रहते हैं।

आने वाले दिनों में ट्रेज़र हंट, सर्किट डिजाइनिंग , ऐड मेड शो , डांस , पोएट्री , मेडिकल मॉडल्स, सोल्ड आउट जैसे इवेंट्स होंगे जिससे करीब एक लाख के कॅश प्राइज दिए जाएंगे। इवेंट कोऑर्डिनेटर राहुल मालवीय ने बताया कि स्टूडेंट्स सभी इवेंट्स में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जल्दी ही मैत्रिम गाला कॉन्सर्ट आयोजित होने वाला है। जिस्मे प्रसिद्द बॉलीवुड सिंगर अपनी प्रस्तुति देंगे।

व्यवस्था न सुधरी तो केवलारी में जलसंकट तय

भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी

केवलारी- नगर परिषद निर्वाचन के लगभग तीन साल पूरे होने को है, परंतु लचर प्रशासनिक व्यवस्था और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की नूरा-कुश्ती के चलते व्यवस्थाएं पूरी तरह से तहस-नहस हो चली है,जिसका नुकसान केवलारी समेत आस-पास के जुड़े हुए वार्डवासियों को उठाना पड़ रहा है,गत दिनों शांति समिति की बैठक के दौरान जलसंकट को लेकर किसी पुख्ता कार्य-योजना बनाए जाने पर विचार रखा गया था,जिस पर परिषद को इस और विशेष चिंतन एवं आवश्यक कार्य योजना बनाने की बात कही गई थी, परंतु हर बार की भांति परिषद का ढुलमुल एंव गैर जिम्मेदाराना रवैया आने वाले समय में आमजन मानस पर भारी पड़ना तय लग रहा है, जलप्रदाय स्थल में लगातार पानी का स्तर नीचे की और जा रहा है, इससे स्वतन्ही अनुमान लगाया जा सकता है कि अगले सप्ताह के बाद विभिन्न वार्डों में पानी की भारी किल्लत आना तय माना जा रहा है,अब देखना यह बाकी है कि परिषद आने वाली इस परेशानी से कैसे दो-चार होती है।

सेंट पॉल स्कूल में अभिभावकों के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़े की शुरुआत की गयी

अच्छा पोषण सिर्फ भोजन के बारे में नहीं है यह अच्छी तरह से जीना सिखाने के बारे में है -फ़ादर जयसन

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल में पोषण जागरूकता और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी पहल के हिस्से के रूप में पोषण पखवाड़े की शुरुआत की गयी। इस आयोजन का उद्देश्य परिवार एवं स्कूल की संयुक्त जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए पोषण और स्वस्थ जीवन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।इस सार्थक कार्यक्रम को अभिभावकों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ सहजता से संयोजित किया गया, जिससे न केवल छात्रों, बल्कि उनके परिवारों को भी पोषण और स्वास्थ्य संबंधी चर्चा में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ।घर और स्कूल में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। विभिन्न प्रकार की आकर्षक गतिविधियों, जानकारीपूर्ण सत्रों और इंटरैक्टिव चर्चाओं में संतुलित आहार, अच्छे खान-पान की आदतों और स्वस्थ पीढ़ी को आकार देने में पोषण की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम किंडरगार्टन एवं प्रायमरी कक्षाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य फ़ादर जयसन ने अपने उद्बोधन में स्वस्थ जीवन के लिए उचित पोषण संतुलित आहार तथा नियमित स्वास्थ्य संबंधी जाँच को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ बच्चा एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव है।÷

इंदौर जिला और शहर कांग्रेस के नेतृत्व में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर ईडी चार्जसीट दायर करने के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

भोपाल हेडलाइन इंदौर-महू- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर ईडी चार्जसीट दायर करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन कर महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया। क्योंकि राजनीतिक रंजिश के कारण भाजपा अब बदले की कार्रवाई पर उतर आई है। इसी के तहत इंदौर जिला व शहर कांग्रेस के नेतृत्व में इंदौर ईडी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व विधायक अश्विन जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा, इंदौर प्रभारी अवनीश भार्गव, सह प्रभारी गजेंद्र सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, राधेश्याम पटेल, मृणाल पंत, राजू भदोरिया,जुगनू जादवसिंह धनावत, देवेंद्र यादव, जीतू ठाकुर, अर्चना जायसवाल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीता डांगरे, प्रेम चौहान, जोहर मानपुर वाला, मनीष पटेल, दौलत पटेल,गजेंद्र राठौर, पुनीत शर्मा,रजत पटेल, दिनेश पंचोली,गणेश यादव, महेंद्र यादव, अभिषेक यादव, शरीफ पटेल, इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बैठक संपन्न हुई

भोपाल हेडलाइन नागापट्टीनम, तमिलनाडु, अखिल भारतीय किसान

सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन का अतुल कुमार अनजान हल में देश भर से चुन कर आए प्रतिनिधियों, के द्वारा देश के किसानों, और कृषि समस्याओं पर और केंद्र सरकार द्वारा लगाए जा रहे किसान, कृषि विरोधी नीतियों और कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने वाली नितियों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा देश भर से आए डेलीगेट्स साथी अध्यक्ष मंडल के साथ रखते हुए

साधना नन्दू यादव ने छात्र छात्राओं को पक्षियों को दाना पानी देने के लिए मिट्टी के सकोरे वितरण किए

भोपाल हेडलाइन भीषण गर्मी को देखते हुए महिला जागौरी समिति

अध्यक्ष श्रीमती साधना नन्दू यादव ने छात्र छात्राओं को पक्षियों को दाना पानी देने के लिए मिट्टी के सकोरे वितरण किए , ओर पशु पक्षियों की सहायता ओर उनकी देखभाल के बारे समझाया , पक्षी भी हमारे मित्र हैं

ੴ ਸਤਿਗੁਰੂ ਪ੍ਰਸਾਦਿ

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥੧॥

पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास

स्वः रविन्दर सिंह

आप जी को बहुत ही दुखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे सत्कार योग स्वर्गीय सरदार रविंदर सिंह सुपुत्र स्वर्गीय रघुवीर सिंह जो की दिनांक 8 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करते हुए वाहेगुरु के चरणों में जा विराजे हैं उनकी आत्मा की शांति के लिए रखे हुए अखंड पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास दिनांक 17 तारीख़ 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक गुरुद्वारा टेकरी साहिब ईदगाह हिल्स भोपाल में होगी। आप सभी ने अंतिम अरदास में शामिल होने की किरपा करनी।

दुखी हृदय
पृथ्वीराज सिंह प्रेस फोटोग्राफर प्रदेश टुडे,
भूपेंद्र सिंह प्रेस फोटोग्राफर
मनिन्दर सिंह,जसप्रीत सिंह, शमशेर सिंह
समूह परिवार
9827336370, 8770837309, 9752665151,8319969626

भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान ने 16 अप्रैल, 2025 को अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन आईसीएआर-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस), भोपाल ने 16 अप्रैल, 2025 को अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया। डॉ. ए.के. नायक (डीडीजी, एनआरएम, आईसीएआर, नई दिल्ली, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार) ने मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन मोड से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। डॉ. एस.के. शर्मा (प्रोफेसर और प्रमुख, आईआईटी बीएचयू, बनारस) ने गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में पहला डॉ. एन.एस. रंधावा आईआईएसएस स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. पी.एन. टक्कर, डॉ. सी.एल. आचार्य, डॉ. ए. सुब्बा राव, डॉ. एस.पी. दत्ता, डॉ. ए. के. पात्र (वीसी, बीसीकेवी, कल्याणी, पश्चिम बंगाल) ने विशेष अतिथि के रूप में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में सभा को संबोधित किया। डॉ. ए.के. नायक ने मृदा विज्ञान के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान ने अब तक अच्छा काम किया है और भविष्य के लिए और काम करने की जरूरत है। उन्होंने प्रौद्योगिकी का प्रसार करने और सामाजिक, पर्यावरणीय और अन्य लाभों के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अध्ययन करने पर जोर दिया। उन्होंने नैनो प्रौद्योगिकी और फसल उत्पादकता पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संस्थान द्वारा काम करने का एक अन्य क्षेत्र मिट्टी के विश्लेषण की नॉन कांटेक्ट विधि जैसे एनआईआर और एमआईआर आदि है। उन्होंने कार्बन मानक, कार्बन ट्रेडिंग, क्रेडिट तंत्र के विकास और भारत में कार्बन मानक सर्टिफिकेशन विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जैव उर्वरकों और ग्रोथ प्रमोटर्स के उपयोग के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न जल निकायों और यहां तक कि खेतों में माइक्रोप्लास्टिक के माध्यम से प्रदूषण दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और यह हम सभी के लिए एक चुनौती है, इसलिए, माइक्रोप्लास्टिक विश्लेषण की कम लागत और आसान विधि विकसित करने की आवश्यकता है। इसी तरह, मिट्टी के स्वास्थ्य माप पर निगरानी करने के लिए वन हेल्थ प्रोग्राम को अपनाने की आवश्यकता है। डॉ. एस.के. शर्मा ने प्रथम डॉ. एन.एस. रंधावा आईआईएसएस स्थापना दिवस व्याख्यान %मृदा विज्ञान - इसके विस्तृत आयाम और आकांक्षाएं% विषय पर दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि हमारा काम उपयोगकर्ताओं से गहराई से जुड़ा होना चाहिए। हितधारकों के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों से खुद पर विश्वास करने, कड़ी मेहनत करने, असफलताओं को स्वीकार करने और चुनौतियों का सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से अत्याधुनिक शोध करने, सहयोग बढ़ाने, उत्पादकता बढ़ाने, प्रशिक्षण, परामर्श, शिक्षण, परिणामों को स्वीकार करने और अस्वीकार करने के लिए खुले दिमाग से काम करने और आज की प्रासंगिकता के लिए तकनीक का उपयोग करने का आग्रह किया। डॉ. मनोरंजन मोहंती (निदेशक) ने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया और संस्थान की स्थापना में उनके योगदान के लिए पूर्व निदेशकों की सराहना की। उन्होंने सरकार के मृदा स्वास्थ्य मिशन में संस्थान द्वारा किए गए अनुसंधान और विकास के महत्व पर जोर दिया। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे वेस्ट टू वेल्थ, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिनी लैब किट, मृदा जैविक स्वास्थ्य किट, मृदा स्वास्थ्य का पैकेज ऑफ़ प्रैक्टिस, एमआईआर के सूचकांक, एनआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, रैपिड कम्पोस्टिंग, जीआईएस आधारित मृदा उर्वरता मानचित्र आदि। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान का किसानों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों जैसे टीएसपी, एससीएसपी, फार्मर फर्स्ट, मेरा गांव मेरा गौरव, मृदा परीक्षण, बीज तथा खाद वितरण आदि से जुड़े है। इस अवसर पर, संस्थान की तकनीक को अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता और आय में वृद्धि हुई। प्रशासनिक, तकनीकी और सहायक कर्मचारियों में सर्वश्रेष्ठ कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किसानों के लाभ के लिए प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया। इस समारोह में वैज्ञानिकों, छात्रों, किसानों और संस्थान के कर्मचारियों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में सक्रिय रूप से भाग लिया।